बाढ़ का खतरा बरकरार, नजर पहाड़ों पर

अभी भी उफान पर है यमुना, जलस्तर 206 मीटर से ऊपर

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : हथनी कुंड से पहले की तुलना में अब कम पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 206 मीटर से ऊपर होने के कारण बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है। रविवार रात 10 बजे से पुराना लोहा पुल से बंद की गई ट्रेनों की आवाजाही सोमवार सुबह 10.15 बजे शुरू हो गई। इस पुल के बंद रहने से 69 ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई।

बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। रविवार दोपहर से हथनी कुंड से कम मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। सोमवार को प्रति घंटे 50 हजार क्यूसेक से कम छोड़ा जा रहा है। यही स्थिति रही, तो जलस्तर में कमी आएगी, पर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मंगलवार तक भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। इससे हथनी कुंड से ज्यादा पानी आने की आशंका है।

हथनी कुंड से 22 जुलाई को प्रति घंटे दो लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ने का असर दिल्ली पर रविवार से ही दिखने लगा है। रविवार सुबह चार बजे यमुना खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर पहुंची और सुबह 10 बजे 206 मीटर के निशान को पार कर गई। सोमवार को भी यही स्थिति बनी रही। इससे निचले क्षेत्र में पानी भरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। पिछले सप्ताह बाढ़ का पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल शोधन संयंत्रों में घुस गया था, जिससे इन्हें बंद करना पड़ा था। इसे देखते हुए इन संयंत्रों की चारदीवारी की ऊंची कर दी गई है।

10.15 बजे सुबह पुराने लोहे के पुल से शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन

12 घंटे के दौरान लोहे के पुल से 69 ट्रेनों की आवाजाही रही प्रभावित

कालिंदी कुंज के पास यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद जान जोखिम में डालकर मछली पकड़कर लाता मछुआरा • विपिन शर्मा

कब कितना छोड़ा गया पानी और क्या रहा जलस्तर

समय	छोड़ा गया पानी (क्यूसेक में)	जलस्तर (मीटर में)
सुबह चार बजे	36,796	206.57
सुबह सात बजे	37,329	206.56
सुबह 10 बजे	43,152	206.52
दोपहर एक बजे	42,032	206.46
शाम चार बजे	57,671	206.34
शाम आठ बजे	36,491	206.10

यमुना पुल पर चल रहे काम से यातायात हो रहा प्रभावित

जासं, नई दिल्ली : विकास मार्ग के यमुना पुल पर चल रहे काम के कारण कई दिनों से व्यस्त समय में यातायात प्रभावित हो रहा है। सोमवार शाम को आइटीओ के पास जाम लगा। सोमवार को पुल पर चल रहे काम के कारण आइटीओ से लक्ष्मी नगर की ओर वाली एक लेन को यातायात के लिए बंद करना पड़ा। इससे आइटीओ चौराहे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। यातायात पुलिस ने दबाव कम करने के लिए आइटीओ चौराहे पर लक्ष्मी नगर जाने वाले मार्ग को शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक बंद कर दिया। वाहन चालकों को सलाह दी गई कि वे लोकनायक अस्पताल के पास बने यू-टर्न लेकर बहादुर शाह जफर मार्ग होते हुए विकास मार्ग पर जाएं। इससे बहादुर शाह जफर मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक हो गया। यातायात पुलिस के अधिकारी ने बताया कि पुल पर काम के चलते बड़ी-बड़ी क्रेनें लगाई गई हैं। इससे व्यस्त समय में यातायात संचालित करना कठिन हो जाता है।

nwda.gov.in